# समाज कल्याण मंत्री श्री असीम अरूण ने कन्नौज में नवनिर्मित पानी की टंकी का किया स्थलीय निरीक्षण

**लखनऊ : 28 अगस्त, 2025**

प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री असीम अरूण ने हर घर जल–नल योजना के अंतर्गत जनपद कन्नौज के विधानसभा क्षेत्र–जलालपुर सरवन में नवनिर्मित उच्च जलाशय (पानी की टंकी) क्षमता 200 कि०ली० ऊँचाई 14 मी० का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि योजना पर पानी की टंकी, पम्प हाउस, सोलर सिस्टम, पाइपलाइन, कनेक्शन आदि कार्य पूर्ण है। योजना से क्लोरीन युक्त नियमित जलापूर्ति की जा रही है। मंत्री जी द्वारा योजना के कार्यों की सराहना की गयी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो। पाइपलाइन, नल एवं जलापूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। मौके पर उपस्थित ग्राम प्रधान द्वारा 15 कनेक्शन छूटा होना बताया गया, जिस पर मंत्री जी ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को कनेक्शन तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए ताकि, किसी को जलापूर्ति में असुविधा न हो।

मंत्री जी ने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुरूप हर ग्रामीण परिवार तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, सहायक अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, टीपीआई, डीपीएमयू एवं फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

**सम्पर्क सूत्र– आशिया खातून**

राघवेन्द्र / 05:40 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई०पी०बी०एक्स० : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं० : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
**वेबसाइट** :www.information.up.gov.in